वरिष्ठ सलाहकार - स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं एवं जिम्मेदारियां:

- मंत्रालय / अन्य हितधारकों की आवश्यकता अनुसार विभिन्न संकेतक / रिपोर्टों के टेम्पलेट्स / डैश बोर्ड्स/ स्कोर-कार्ड्स का विकास करना।
- अनुरूपता के लिए डेटा की जांच करना एवं एचएमआईएस डेटा में त्रुटियों के सुधार के लिए राज्यों के साथ अवलोकन करना एवं विभिन्न हितधारकों के लिए सांख्यिकीय संकुल (एस ए एस) का उपयोग कर डेटा विश्लेषण के आधार पर रिपोर्ट संकलन करना।
- मौजूदा एचएमआईएस एप्लीकेशन के आशुरचना के लिए अंतरालो की पहचान करना एवं समाधान सुझाना।
- एचएमआईएस के विभिन्न पहलुओं जैसे डेटा रिपोर्टिंग प्रारूपों (फोर्मट्स), रिपोर्टों एवं डेटा के उपयोग पर राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
- "भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सक्षम एचएमआईएस पोर्टल" से संबंधित मुद्दों का प्रबंधन एवं जीआईएस एप्लीकेशन को ओर मजबूत बनाने के लिए तकनीकी जानकारी प्रदान करना।
- आवंटित राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों के एचएमआईएस से सम्बंधित प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन प्लान (पीआईपी) के मूल्याकन की जिम्मेदारी। राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों के साथ पीआईपी के मानदण्डों तथा समापक पीआईपी की प्रस्तुती करने के लिए संपर्क बनाये रखना।
- एचएमआईएस डेटा की गुणवत्ता की समीक्षा, चुनौतियों की पहचान करने के लिए राज्यों / संघ राज्यों एवं जिलों के क्षेत्र का समय-समय पर दौरा करना एवं इन चुनौतियों पर काबू पाने के लिए राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों को संबल करना ।
- कनिष्ठ सलाहकारों को उनके पहले साल में डेटा विश्लेषण एवं पीआईपी मूल्यांकन में परामर्श प्रदान करना।
- रिपोर्टिंग प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर सौंपा जाने वाला अन्य कार्य पूर्ण करना।

पात्रता मापदंड:

- स्वास्थ्य प्रबंधन / सांख्यिकी/ लोक स्वास्थ्य / स्वास्थ्य सूचना / सूचना प्रौद्योगिकी में कम से कम स्नातकोत्तर उपाधि / उपाधिपत्र
- सरकारी विभाग की स्वास्थ्य सूचना प्रणाली में कम से कम 5 साल का अनुस्नातक कार्य अनुभव ।
- कंप्यूटर प्रवीणता के साथ एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट जैसे आमतौर पर इस्तेमाल किये जाने वाले संकुल का उच्च स्तरीय ज्ञान।
- उत्कृष्ट संचार एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं पारस्परिक क्षमतायें, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संचार कौशल। हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय।
- उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्हें की एस ए एस VDD एवं WRS सॉफ्टवेयर में काम करने का अनुभव हो।
- बहु अनुशासित टीम के वातावरण में काम करने की क्षमता।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु राज्यों एवं जिलों की यात्रा के लिए तत्पर एवं सौपे गये विभिन्न कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने की क्षमता।
- उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय स्वास्थ्य एमआईएस पर कम से कम दो साल के लिए कार्य किया हो ।
- उपयुक्त उम्मीदवारों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

पारिश्रमिक सीमा: 80,000/- रुपये से 120,000/- रुपये के बीच प्रति माह ।

आयु: अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष दिनांक 01/04/2016 तक ।

आवेदन दिनांक **10.06.2016** को **अपराहन 4:00 बजे** तक ई-मेल **srconsultant.hmis@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।